प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने उग्रवाद प्रभावित राज्यों के अधिकारियों के साथ नक्सलवाद की समीक्षा की, झारखंड की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ चलेगा संयुक्त अभियान।
- केन्द्र सरकार ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए, देश के सभी जिलों में बनेंगे मॉडल सौर गांव।
- केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग जारी की, आईआईटी मद्रास छठी बार पहले स्थान पर, झारखंड के 36 शैक्षणिक संस्थान शीर्ष 100 में शामिल।
- कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या से देशभर के डाक्टरों में आक्रोश, रिम्स के जूनियर डाक्टर आज से हड़ताल पर।
- मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में बारिश का जताया पूर्वानुमान, पलामू और लोहरदगा में वज्रपात से पांच की मौत।

*********************

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने उग्रवाद प्रभावित राज्यों के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक कर नक्सलवाद की समीक्षा की। बैठक में झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता समेत पुलिस के कई आला अधिकारी शामिल हुए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि झारखंड की सीमा पर छत्तीसगढ़ और ओडिसा के सहयोग से नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए संबंधित राज्यों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

*********************

केन्द्र सरकार ने पीएम–सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कहा है कि इस योजना के अंतर्गत देश भर में प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि इसके लिए कुल 800 करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। इस योजना के अंतर्गत गांव की आबादी पांच हजार और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए दो हजार से अधिक होनी चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक जिले के सबसे अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाले विजेता गांव को एक करोड़ रुपये का केंद्रीय वित्तीय सहायता अनुदान मिलेगा।

*********************

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर फिर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों पर कार्रवाई करने से राज्य की हेमंत सोरेन सरकार डर रही है, क्योंकि ये घुसपैठिये झामुमो के वोट बैंक बन चुके हैं।

*********************

समग्र श्रेणी में उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2024 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास को शीर्ष स्थान मिला है। भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु दूसरे स्थान पर और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बंबई तीसरे स्थान पर है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह रैंकिंग नई दिल्ली में जारी की। उन्होंने कहा कि रैंकिंग और मान्यता राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख विशेषताएं हैं। श्री प्रधान ने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थानों को इस प्रक्रिया में शामिल होना चाहिए।

इस रैंकिंग में झारखंड के 36 शैक्षणिक संस्थान शीर्ष 100 में शामिल हैं। एक्सएलआरआई ने 9वां स्थान हासिल कर अपनी रैंकिंग बरकरार रखी है। वहीं आईआईएम रांची की रैंकिंग पिछले सात से बेहतर हुई है। संस्थान 24वें स्थान से 17वें स्थान पर आ गया है। आईआईटी आईएसएम धनबाद को 46वां और बीआईटी मेसरा को 90वां स्थान मिला है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
*********************

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल की पीजी छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या से देश भर के डाक्टरों में गुस्सा है। घटना के विरोध में रिम्स जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने आईएमए सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में यह तय किया गया कि आज से रिम्स के जूनियर डॉक्टर कार्य का बहिष्कार करेंगे। जेडीए के वाइस प्रेसिडेंट डा. अभिषेक ने कहा कि हड़ताल के दौरान इमरजेंसी सेवा चालू रहेगी लेकिन ओपीडी सेवा ठप रखी जायेगी।

*********************

चैम्बर ऑफ कामर्स ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड पर जनविरोधी के साथ ही सरकार विरोधी होने का भी आरोप लगाया है। चैम्बर के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि निगम की ओर से चार माह के अंतराल पर दूसरी बार बिजली दर में बढ़ोतरी को लेकर प्रयास शुरु कर दिये गये हैं। ऐसा 30—35 साल में पहले कभी नहीं हुआ। मौके पर चैम्बर सदस्य अजय भंडारी ने कहा कि सरकार की मंशा निम्न वर्ग और मध्यम वर्ग को राहत देने की है लेकिन जेबीवीएनएल उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाना चाहता है।

*********************

रांची जिले के नामकुम प्रखंड में महिला स्वयं सहायता समूह स्वयं सिद्धा की ओर से वर्ष 2011 से मुख्यमंत्री दाल भात योजना केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

*********************

मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि राज्य में मानसून फिर सक्रिय होगा। इससे राज्य के अलग—अलग हिस्सों में अगले चार दिनों तक भारी बारिश हो सकती है। आज राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि 16 अगस्त के बाद मानसून थोड़ा कमजोर पड़ सकता है।

उधर, सोमवार को आकाशीय बिजली गिरने से राज्य में पांच लोगों की मौत हो गयी। तीन मौत पलामू जिले में हुई है जबकि दो लोगों की मौत लोहरदगा में हुई है।

*********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने कोलकाता में मेडिकल छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या के खिलाफ आज से रिम्स डॉक्टरों की हड़ताल की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है— रिम्स के जूनियर डॉक्टर आज से हड़ताल पर, इमरजेंसी सेवा चलेगी।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है— हजारीबाग में हवलदार की हत्या कर कैदी फरार।

प्रभात खबर के शब्द हैं— मुख्यमंत्री रक्षा बंधन के दिन बहनों के खाते में भेजेंगे मंइयां सम्मान की राशि।

दैनिक जागरण लिखता है— पेटरवार में आनंद मार्ग स्कूल तोड़े जाने के विरोध में साध्वी ने किया आत्मदाह।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है— भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए उमड़ी भीड़।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने कोलकाता में मेडिकल छात्रा की दरिंदगी के बाद हत्या के खिलाफ प्रदर्शन की खबर को प्रमुखता दी है।

*********************